भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3550

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

आईआईटी/एनआईटी/आईआईएसईआर में आरक्षित रिक्तियां

3550. श्री कौशलेन्द्र कुमारः

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':

श्रीमती क्वीन ओझाः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1995 से आज की तिथि तक केंद्र सरकार के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) में सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर नियमित रूप से की गई भर्तियों की महाविद्यालय-वार और विश्वविद्यालय-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) केंद्र सरकार के महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में कुल कितनी नियमित भर्तियां की गई है और सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों के लिए वर्ष 1995 से लेकर आज की तिथि तक अनारक्षित/ ओबीसी/एससी/एसटी के रूप में की गयी भर्तियों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के रूप में संविदा आधार पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं और अनारक्षित/ओबीसी/एससी/एसटी से संबंधित लोगों का महाविद्यालय-वार और विश्वविद्यालय-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) केंद्र सरकार के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में संविदा आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति की अवधि और स्वीकृत संख्या का विषय-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख) : विभिन्न स्तरों पर रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, मृत्यु, प्रतिनियुक्ति, नई संस्थाओं के खोलने और विस्तार सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के कारण होती हैं। रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। वर्ष 1995 से विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में सहायक प्रोफेसर, ऐसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों हेतु उनकी श्रेणियों के साथ पदों की नियुक्ति का डेटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

(ग) और (घ): विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 01.04.2019 की स्थिति के अनुसार तैनात तदर्थ/गेस्ट/कॅट्रेक्ट/पुननियोजित तैनात शिक्षकों का ब्यौरा निम्नवत है:

तदर्थ	गेस्ट संकाय	कंट्रेक्ट संकाय	पुननियोजित	कुल
551	1582	871	64	3068

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध 53 कॉलेजों में लगभग 4000 शिक्षक (तदर्थ/गेस्ट/कंट्रेक्ट) कार्यरत हैं जिनको यूजीसी/एमएचआरडी से रखरखाव अनुदान प्राप्त हो रहा है।

तथापि, अनुबंध आधार पर संकाय की श्रेणियों और उनकी नियुक्ति अवधि के संबंध में डेटा का केंद्रीय रूप से रखरखाव नहीं किया जाता है।

*****